दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने बक्सर–भागलपुर हाई–स्पीड कॉरिडोर के एक हिस्से के रूप में मोकामा से मुंगेर के बीच फोर लेन सड़क के निर्माण को स्वीकृति दी। भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट रेल लाइन के दोहरीकरण को भी मिली मंजूरी।

02. नेपाल में जारी गतिरोध को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों में हाई अलर्ट। नेपाल के जनकपुर और मधुबनी के जयनगर के बीच रेल सेवाएं स्थगित।

03. मुजफ्फरपुर की सीबीआई अदालत ने सीवान के पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड में सभी तीन दोषियों को आजीवन कारावास और तीस–तीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

04. और, महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर विवाद और बढ़ा। कांग्रेस ने कहा – बिहार की जनता ही अपना मुख्यमंत्री तय करेगी। राजद ने तेजस्वी प्रसाद यादव को बताया मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार।

---

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मोकामा से मुंगेर के बीच फोर लेन सड़क के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इसे बक्सर–भागलपुर हाई–स्पीड कॉरिडोर के एक हिस्से के रूप में विकसित किया जाएगा। इसकी लंबाई बयासी किलोमीटर से अधिक होगी और इस पर चार हजार चार सौ सैंतालीस करोड़ रुपये की लागत आएगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रस्तावित परियोजना से लगभग पंद्रह लाख मानव दिवस प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग साढ़े अठारह लाख मानव दिवस अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

–––बाइट–––

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। एक सौ सतहत्तर किलोमीटर लंबे रेलखंड के दोहरीकरण पर लगभग तीन हजार एक सौ उनहत्तर करोड़ रुपये की लागत आएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि इससे भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

–––बाइट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार बिहार में कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ आर्थिक विकास को और गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज मोकामा–मुंगेर फोर लेन ग्रीनफील्ड सेक्शन और भागलपुर–दुमका रामपुर हाट रेल लाइन को मंजूरी दी गयी है। इससे लोगों का जीवन आसान होगा और रोजगार तथा कारोबार के नये अवसर पैदा होंगे।

---

नेपाल में जारी हिंसा और राजनीतिक उथल–पुथल के बीच कर्फ्यू कल सुबह छह बजे तक बढ़ा दिया गया है। नेपाल की सेना ने कहा कि सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाया गया है। आगे की स्थिति के आधार पर अगली सूचना जारी की जाएगी। इधर, विरोध प्रदर्शन के तीसरे दिन आज सेना की तैनाती के बीच काठमांडू घाटी में माहौल शांतिपूर्ण है।

---

नेपाल में जारी गतिरोध को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सीमा पर व्यापार चौकियों और अन्य प्रवेश बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। बिहार पुलिस और एसएसबी की टीम सीमा पार आने–जाने वालों की गहन जांच कर रही है। बिहार में भारत–नेपाल सीमा सात सौ छब्बीस किलोमीटर लंबी है और सात जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज को छूती है। बिहार में दोनों देशों के बीच सीमा का एक बड़ा हिस्सा खुला है। इसे देखते हुए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पश्चिम चंपारण के एसपी डॉ. शौर्य सुमन ने कहा कि पूरे राज्य में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है और पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गश्त की जा रही है।

———बाइट———

मधुबनी के पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि सभी सीमावर्ती थानों को अलर्ट पर रखा गया है।

———बाइट———

इस बीच नेपाली अधिकारियों के अनुरोध पर नेपाल के जनकपुर और मधुबनी के जयनगर के बीच रेल सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं।

---

केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। एक रिपोर्ट ....

———रिपोर्ट———

सरकार ने नेपाल में भारतीय नागरिकों को अपने वर्तमान निवास स्थानों पर ही रहने, सड़कों पर जाने से बचने और पूरी सावधानी बरतने की सलाह दी है। साथ ही, नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी स्थानीय सुरक्षा सलाह का पालन करने की भी सलाह दी है। सरकार ने काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। नंबर हैं +977 – 980 860 2881 और +977 – 981 032 6134। नंबर एक बार फिर सुन लें– नंबर हैं +977 – 980 860 2881 और +977 – 981 032 6134। किसी भी सहायता के लिए इन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार बल।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वाधीनता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिवाली से पहले वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी। जीएसटी में सुधार आम आदमी पर केंद्रित हैं और बाईस सितम्बर से लागू होंगे। आज हम बात करेंगे शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सुधारों के बारे में। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर जीएसटी दरों में छूट देकर शिक्षा क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। नए सुधारों के तहत, पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएँ, ग्राफ बुक, मानचित्र और चार्ट जैसी स्टेशनरी वस्तुओं को पहले के 12 प्रतिशत जीएसटी से छूट दी गई है, जबकि रबड़ पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। विष्णु और सौम्या के साथ दृष्टि पुन्यानी, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंद्रह सितम्बर को पूर्णिया से बिहार को चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री कोसी–मेची लिंक परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे।

———बाइट———

इधर, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र के सहयोग से बिहार के विकास को नई रफ्तार मिली है।

———बाइट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि लाभुकों के खाते में अंतरित की। श्री कुमार ने एक करोड़ तेरह लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में लगभग एक हजार दो सौ चौंसठ करोड़ रूपये की राशि डी.बी.टी के माध्यम से हस्तांतरित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और समाज कल्याण विभाग के मंत्री मदन सहनी भी उपस्थित थे। इधर, मुख्यमंत्री ने आज पटना में सड़क और आधारभूत संरचना से संबंधित एक हजार चार सौ तैंतीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली छह योजनाओं का शिलान्यास किया।

---

सीवान के पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड मामले में सभी तीन दोषियों को आजीवन कारावास और तीस–तीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गयी है। मुजफ्फपुर की सीबीआई अदालत ने दोषी रोहित कुमार सोनी, विजय कुमार गुप्ता और सोनू कुमार गुप्ता को सजा सुनाई। इस मामले में अदालत ने लड्डन मियां और रिशु जायसवाल समेत तीन आरोपियों को साक्ष्य के आभाव मे बरी कर दिया था। राजदेव रंजन की वर्ष दो हजार सोलह में सीवान में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

---

महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर विवाद और बढ़ गया है। कांग्रेस ने कहा है कि बिहार की जनता ही अपना मुख्यमंत्री तय करेगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि महागठबंधन में सभी दलों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए और संतुलन होना चाहिए।

———बाइट———

इस बीच, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि निर्विवाद रूप से तेजस्वी प्रसाद यादव ही महागठबंधन से मुख्यमंत्री पद के चेहरे होंगे।

———बाइट———

---

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्र सरकार ने बक्सर–भागलपुर हाई–स्पीड कॉरिडोर के एक हिस्से के रूप में मोकामा से मुंगेर के बीच फोर लेन सड़क के निर्माण को स्वीकृति दी। भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट रेल लाइन के दोहरीकरण को भी मिली मंजूरी।

02. नेपाल में जारी गतिरोध को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों में हाई अलर्ट। नेपाल के जनकपुर और मधुबनी के जयनगर के बीच रेल सेवाएं स्थगित।

03. मुजफ्फरपुर की सीबीआई अदालत ने सीवान के पत्रकार राजदेव रंजन हत्याकांड में सभी तीन दोषियों को आजीवन कारावास और तीस–तीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

04. और, महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर विवाद और बढ़ा। कांग्रेस ने कहा – बिहार की जनता ही अपना मुख्यमंत्री तय करेगी। राजद ने तेजस्वी प्रसाद यादव को बताया मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।